भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. **+∗204**

सोमवार, **8** जुलाई, 2019/17 आषाढ़, 1941 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

धार्मिक पर्यटक सर्किट

**+∗204.** श्री रेबती त्रीपुराः

श्री विजय कुमार दूबेः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का रामायण तथा बौद्ध सर्किटों के अलावा और अधिक धार्मिक पर्यटक सर्किटों की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो विशेषकर उत्तर-पूर्वी राज्यों एवं उत्तर प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या इस संबंध में अब तक कोई प्रगति हुई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ड.) : एक विवरण सभा पटल पर रखा गया है ।

******

धार्मिक पर्यटक सर्किट के संबंध में दिनांक 08.07.2019 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. +*204 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में विवरण

(क) से (ड.) : पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन योजना – थीम आधारित पर्यटक परिपथों का एकीकृत विकास के अंतर्गत देशभर में पर्यटन संभावना वाले अभिज्ञात परिपथों में योजनाबद्ध एवं प्राथमिकता प्राप्त तरीके से पर्यटन अवसंरचना का विकास कर रहा है । इस योजना के अंतर्गत विकास हेतु 15 थीम आधारित परिपथों की पहचान की गई है जिसमें आध्यात्मिक परिपथ, रामायण परिपथ, कृष्णा परिपथ, बौद्ध परिपथ, तीर्थंकर परिपथ और सूफी परिपथ शामिल हैं। देश के सभी धार्मिक/ आध्यात्मिक स्थल स्वदेश दर्शन के इन परिपथों के अंतर्गत सम्मिलित हैं।

उपरोक्त के अतिरिक्त मंत्रालय प्रशाद योजना के तहत अभिज्ञात तीर्थस्थलों तथा विरासत गंतव्यों में पर्यटन अवसंरचना का विकास कर रहा है । मंत्रालय ने इस योजना के अंतर्गत विकास के लिए **25** राज्यों में 41 स्थलों नामतः अमरावती और श्रीसेलम (आंध्र प्रदेश), कामाख्या (असम), परशुराम कुंड (लोहित जिला, अरुणाचल प्रदेश) पटना और गया (बिहार), बलमेश्वरी देवी मंदिर (राजनंदगांव, छत्तीसगढ़), द्वारका और सोमनाथ (गुजरात), गुरुद्वारा नाडा साहेब, (पंचकुला, हरियाणा), मां चिंतपूर्णी (ऊना, हिमाचल प्रदेश), हजरतबल और कटरा (जम्मू एवं कश्मीर), देवघर और पारसनाथ (झारखण्ड), चामुंडेश्वरी देवी (मैसूरु, कर्नाटक), गुरुवयूर संत थॉमस अंतर्राष्ट्रीय पवित्र स्थल (मलयत्तूर) और चेरामन जूमा मस्जिद (त्रिचूर, केरल), ओंकारेश्वर और अमरकंटक (मध्य प्रदेश), बाबेदपारा, पश्चिमी जयंतिया की पहाड़ियां और सोहरा (मेघालय), आइजोल (मिजोरम), कोहिमा और मोकोकचुंग जिले (नागालैण्ड), त्रियंबकेश्वर (महाराष्ट्र), पुरी (ओडिशा), अमृतसर (पंजाब), अजमेर (राजस्थान), कांचीपुरम और वेल्लांकनी (तमिलनाडु), त्रिपुरा सुंदरी (त्रिपुरा), वाराणसी और मथुरा (उत्तर प्रदेश), बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री (उत्तराखंड) और बेलूर (पश्चिम बंगाल) की पहचान की है ।

उपरोक्त योजनाओं के तहत परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन और पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है । उपरोक्त योजनाओं के तहत पूर्वोत्तर राज्यों तथा उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है। ये परियोजनाएं कार्यान्वयन / समाप्ति के विभिन्न चरणों में हैं ।

*******

अनुबंध

धार्मिक पर्यटक सर्किट के संबंध में दिनांक 08.07.2019 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. +*204 के भाग (क) से (ङ.) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत की गई परियोजनाओं के ब्यौरे

(करोड़ रूपए में)

| क्र.सं. | राज्य/स्वीकृत वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|
| आध्यात्मिक परिपथ | | | | |
| **1.** | केरल **(2016-17)** | पथानामथिट्टा जिला में सबरीमाला-एरूमेलि-पम्पा-सन्नीधानम का विकास | **99.99** | **20.00** |
| **2.** | मणिपुर **(2016-17)** | आध्यात्मिक परिपथ - श्रीगोविंदजी मंदिर- श्रीबिजय गोविंदजी मंदिर-श्रीगोपीनाथ मंदिर- श्रीबंगशीबोदन मंदिर- श्रीकैना मंदिर का विकास | **53.80** | **40.14** |
| **3.** | केरल **(2016-17)** | श्री पदमनाभ अरनामुला - सबरीमाला का विकास | **92.22** | **72.42** |
| **4.** | बिहार **(2016-17)** | कांवड़िया रूट, सुल्तानगंज-धर्मशाला - देवघर का एकीकृत विकास | **52.35** | **26.17** |
| **5.** | उत्तर प्रदेश **(2016-17)** | शाहजहांपुर- इलाहाबाद - बस्ती-अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी-प्रतापगढ़-उन्नाव-कौशाम्बी–मिर्जापुर-गोरखपुर-कैराना-डुमरियागंज-बागपत-बाराबंकी-आजमगढ़ का विकास | **68.39** | **54.71** |
| **6.** | उत्तर प्रदेश **(2016-17)** | बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चन्दौली-मिश्रिख-भदोही का विकास | **63.77** | **50.33** |
| **7.** | राजस्थान **(2016-17)** | चुरू (सालासर बालाजी)-जयपुर (श्री समोदे बालाजी, घटके बालाजी, बांधेके बालाजी) - अलवर (पांडुपोल हनुमानजी, भरतहरि)-विराटनगर (बीजक, जैन्नासिया, अम्बिका मंदिर)-भरतपुर (कमान क्षेत्र)-धौलपुर | **93.90** | **46.95** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | (मुचकुंद)-मेहंदीपुर बालाजी-चित्तौड़गढ़ (साँवलियाजी) का विकास | | |
| **8.** | पुदुच्चेरी **(2017-18)** | तहत पुदुच्चेरी में आध्यात्मिक परिपथ का विकास | **40.68** | **19.26** |
| **9.** | बिहार **(2017-18)** | मंदार पहाड़ी एवं अंग प्रदेश का विकास। | **53.49** | **10.70** |
| **10.** | महाराष्ट्र **(2018-19)** | वाकी- अडासा- धापेवाड़ा- पराडसिंहा- छोटा ताज बाग- तेलानखांडी- गिराड का विकास | **54.01** | **0.00** |
| **11.** | उत्तर प्रदेश **(2018-19)** | जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा- खुर्जा-बांदा का विकास | **14.52** | **0.00** |
| **12.** | केरल **(2018-19)** | शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुविपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रमण्य् - चेम्बाझांति श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | **69.47** | **0.00** |
| **13.** | केरल **(2018-19)** | कासारागोड, वायनाड, कन्नूर, कोझिकोड, पल्लक्काड़, मल्लपुरम, त्रिचूर, एर्णाकुलम, इडुक्की, कोट्टयम, अल्लपुझा, पथानमथिट्टा, कोल्लम, त्रिवेंद्रम का विकास | **85.23** | **0.00** |
| **14.** | उत्तर प्रदेश **(2018-19)** | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपाटन मंदिर (बलरामपुर) तथा वटवासिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | **21.16** | **0.00** |
| रामायण परिपथ | | | | |
| **15.** | उत्तर प्रदेश **(2016-17)** | चित्रकूट और श्रृंग्वेरपुर का विकास | **69.45** | **52.17** |
| **16.** | उत्तर प्रदेश **(2017-18)** | अयोध्या का विकास | **133.31** | **66.65** |
| कृष्णा परिपथ | | | | |
| **17.** | हरियाणा **(2016-17)** | कुरूक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थानों में पर्यटन अवसंरचना का विकास | **97.35** | **70.60** |
| **18.** | राजस्थान **(2016-17)** | गोविन्द देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास | **91.45** | **45.72** |
| बौद्ध परिपथ | | | | |
| **19.** | मध्य प्रदेश | सांची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार का विकास | **74.94** | **54.51** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | (2016-17) | | | |
| 20. | उत्तर प्रदेश (2016-17) | श्रावस्ती, कुशीनगर एवं कपिलवस्तु का विकास | 99.97 | 45.03 |
| 21. | बिहार (2016-17) | बोधगया में, पश्चिमी तरफ माया सरोवर से सटे सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण | 98.73 | 19.75 |
| 22. | गुजरात (2017-18) | जूनागढ़- गिर-सोमनाथ-भड़ूच-कच्छ-भावनगर- राजकोट- मेंहसांणा का विकास | 35.99 | 7.20 |
| 23. | आंध्र प्रदेश (2017-18) | आंध्र प्रदेश में शलिहुण्डम-थोटलाकोण्डा-बावीकोण्डा- बोज्जन कोण्डा - अमरावती-अनुपू का विकास। | 52.34 | 10.47 |
| तीर्थांकर परिपथ | | | | |
| 24. | बिहार (2016-17) | जैन परिपथ का विकास : वैशाली- आरा-मसाद-पटना-राजगीर-पावापुरी-चंपापुरी | 52.39 | 26.19 |

<u>प्रशाद योजना की स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा</u>

(करोड़ रू में)

| क्र.सं. | राज्य | परियोजना का नाम | परियोजना लागत | जारी राशि |
|---|---|---|---|---|
| वर्ष 2014-15 | | | | |
| 1 | बिहार | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 4.27 | 2.91 |
| 2 | ओडिशा | मेगा परिपथ के तहत पुरी, श्री जगन्नाथ धाम-रामचंडी देवली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना विकास | 50.00 | 10.00 |
| 3 | उत्तर प्रदेश | मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-।।) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास | 14.93 | 10.38 |
| 4 | उत्तर प्रदेश | वृंदावन, जिला मथुरा में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण | 9.36 | 7.36 |
| वर्ष 2015-16 | | | | |
| 5 | आंध्र प्रदेश | पर्यटक गंतव्यों के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिला का विकास | 28.36 | 22.69 |
| 6 | असम | गुवाहाटी में और इसके आस-पास कामाख्या मंदिर और तीर्थ गंतव्य का विकास | 30.71 | 22.03 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **7** | बिहार | पटना साहेब का विकास | **41.54** | **33.23** |
| **8** | पंजाब | अमृतसर में करूणा सागर वाल्मिकी स्थल का विकास | **6.40** | **6.40** |
| **9** | राजस्थान | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | **40.44** | **19.41** |
| **10** | उत्तराखंड | केदारनाथ का एकीकृत विकास | **34.78** | **27.83** |
| **11** | उत्तर प्रदेश | वाराणसी का विकास | **20.40** | **16.32** |
| वर्ष **2016-17** | | | | |
| **12** | गुजरात | द्वारका का विकास | **26.23** | **6.85** |
| **13** | गुजरात | सोमनाथ में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | **37.44** | **26.51** |
| **14** | जम्मू एवं कश्मीर | हजरतबल का विकास | **42.02** | **25.45** |
| **15** | केरल | गुरूवायुर मंदिर का विकास | **46.14** | **36.91** |
| **16** | तमिलनाडु | कांचीपुरम का विकास | **16.48** | **8.24** |
| **17** | तमिलनाडु | वेलानकनी का विकास | **5.60** | **2.59** |
| **18** | पश्चिम बंगाल | बेलूर का विकास | **30.03** | **23.39** |
| वर्ष **2017-18** | | | | |
| **19** | मध्य प्रदेश | ओंकारेश्वर का विकास | **40.67** | **18.76** |
| **20** | उत्तर प्रदेश | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | **10.72** | **5.14** |
| **21.** | महाराष्ट्र | त्रियंबकेश्वर का विकास | **37.81** | **8.49** |
| **22** | उत्तर प्रदेश | प्रशाद योजना-II के अन्तर्गत वाराणसी का विकास | **44.60** | **10.21** |
| **23** | आंध्र प्रदेश | प्रशाद योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में श्रीसेलम मंदिर का विकास | **47.45** | **37.96** |
| वर्ष **2018-19** | | | | |
| **24** | उत्तराखंड | बद्रीनाथ जी धाम (उत्तराखंड) में तीर्थयात्रा सुविधा हेतु अवसंरचना का विकास | **39.24** | **11.77** |
| **25** | गुजरात | सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास, | **44.59** | **13.77** |
| **26** | उत्तर प्रदेश | गोवर्धन, मथुरा का विकास | **39.74** | 0.0 |
| **27** | झारखंड | बैद्यनाथजीधाम, देवघर का विकास | **39.13** | 0.0 |
| **28** | नागालैंड | नागालैंड में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | **25.26** | 0.0 |
| | | कुल | **854.34** | **414.60** |

*******